प्रेस नोट

दिनांक 19.03.2025

माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित जनपद गोण्डा आगमन से पूर्व पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा कार्यक्रम स्थल मेडिकल कालेज गोण्डा में जनपदीय पुलिस/बाहरी जनपदों से आए पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण की ब्रीफिंग कर सतर्कता व सजगता से सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु दिए गये आवश्यक दिशा निर्देश -

दिनाकं 20.03.20252 को माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित जनपद गोण्डा आगमन से पूर्व आज दिनांक 19.03.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा कार्यक्रम स्थल मेडिकल कालेज गोण्डा में जनपदीय /बाहरी जनपदों से आए अधिकारी व कर्मचारीगण की ब्रीफिंग कर सतर्कता व सजगता रखते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा ब्रीफिंग के दौरान उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी के बारे में विस्तार से बताया कि ड्यूटी के दौरान क्या करना चाहिए क्या नहीं करना चाहिए। समय से अपने ड्यूटी पर पहुचकर ड्यूटी पूरी गम्भीरता से निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने ड्यूटी स्थल से कार्यक्रम समाप्ति तक बने रहेंगे और कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न करायेगे । सभी अधिकारियो के नम्बर अपने पास रखने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करने हेतु बताया गया । समस्त कर्मियों को ड्यूटी के दौरान अनुशासन, संयम व अच्छा आचरण रखने, अपना पहचान पत्र एवं ड्यूटी कार्ड साथ रखने तथा ड्यूटी में नामित समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष अपने साथ वीडियो कैमरा, एण्टीराइट उपकरण से सुसज्जित होकर ड्यूटी हेतु आगमन करेगें तथा अपने आस पास होने वाली गतिविधियों को कैमरे में कैद करना सुनिश्चित करेगें। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ड्यूटी के दौरान यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार का विघ्न डालने का प्रयास किया जाता है तो ऐसे अराजक तत्वों पर पूरी सख्ती से कानूनी कार्यवाही की जाए। यदि किसी व्यक्ति द्वारा दिशा-निर्देशो का उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध तत्काल नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

महोदय द्वारा कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने एवं चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था की पूरी तैयारिया कर ली गयी है। कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिसमें 04 अपर पुलिस अधीक्षक, 11 पुलिस उपाधीक्षक, 25 प्र0नि0/निरीक्षक, 112 उप निरीक्षक सहित पर्याप्त संख्या में विभिन्न रैंक के पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी वर्दी/शादे वस्त्र में लगाई गयी है। कार्यक्रम स्थल के आस पास लगातार स्थानीय अभिसूचना इकाई के द्वारा हैण्ड हेल्ड मेटेल डिटेक्टर के माध्यम से व डॉग स्क्वायड द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वस्तुओं एवं वाहनों की जगह-जगह चेकिंग करायी जा रही है तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए अनवरत भ्रमणशील रहकर विभिन्न ग्रामों/मोहल्ला/कस्बों में फुट पेट्रोलिंग किया जा रहा है ।

इस अवसर पर ड्यूटी पर लगे जनपदीय/बाहरी जनपद से आये हुए राजपत्रित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

मीडिया सेल, गोण्डा।